# मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड

" तालीम घर " इस्लामी गेट, शाहजहांनाबाद, भोपाल - 462001


क्रमांक / म.प्र.म.बो. / परीक्षा / 2025 / 1782

भोपाल, दिनांक 24/11/25

प्रति,

समस्त मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्र संचालक
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल।

विषय :– हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा 2026 हेतु अध्ययन केन्द्रों का नवीनीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश तथा महत्वपूर्ण तिथियां।

———

उपरोक्त विषयांतर्गत समस्त अध्ययन केन्द्र संचालकों को आगामी परीक्षा सत्र 2026 हेतु नवीनीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश से अवगत कराया जा रहा है आगामी परीक्षा सत्र 2026 हेतु महत्वपूर्ण तिथियां निम्नानुसार हैं :–

सर्व प्रथम समस्त अध्ययन केन्द्र संचालक अपने अध्ययन केन्द्र का नवीनीकरण कराने हेतु निर्धारित तिथियों में निर्धारित शुल्क सहित आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनके अध्ययन केन्द्र को एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर लाइव किया जा सके।

| चरण | महत्वपूर्ण तिथियां / शुल्क | विवरण |
|---|---|---|
| अध्ययन केन्द्र नवीनीकरण | 01 दिसम्बर — 31 जनवरी 2,000 / – (प्रति वर्ष) सामान्य शुल्क | ▪ अध्ययन केन्द्र के लेटर पेड पर नवीनीकरण का आवेदन।<br>▪ कक्षा 1 से 8 तक मदरसा मान्यता नवीनीकरण की छायाप्रति।<br>▪ निर्धारित शुल्क का बैंक ड्राफ्ट / चालान / ऑनलाइन। |
| नवीनीकरण विलम्ब शुल्क | ▪ 01 फरवरी — 15 फरवरी 500 / – अतिरिक्त<br>▪ 15 फरवरी – 31 जुलाई 1,000 / – अतिरिक्त।<br>▪ 01 अगस्त – 31 अगस्त 1,500 / – अतिरिक्त। | ▪ आवेदन केवल विलम्ब शुल्क के साथ मान्य।<br>▪ ––तदैव––<br>▪ विशेष अनुमति सहित।<br>▪ निर्धारित तिथियों तक यदि नवीनीकरण नहीं कराया जाता है तो मान्यता समाप्त मानी जाएगी। |
| परीक्षा आवेदन सामान्य शुल्क | 01 जनवरी — 31 जुलाई | सभी नए व पुराने छात्रों का आवेदन अध्ययन केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन। |
| परीक्षा आवेदन विलम्ब शुल्क | ▪ 01 अगस्त — 15 अगस्त 200 / –<br>▪ 16 अगस्त — 31 अगस्त 500 / –<br>▪ 01 सितम्बर — 05 सितम्बर (विशेष अनुमति के साथ 1,000 / –) । | ▪ आवेदन केवल विलम्ब शुल्क के साथ मान्य।<br>▪ ––तदैव––<br>▪ आवेदन विशेष अनुमति एवं विलम्ब शुल्क के साथ मान्य। |
| परीक्षा आवेदन में त्रुटि सुधार | 01 जनवरी — 07 सितम्बर | ▪ आवेदन में त्रुटि सुधार। |
| Unpaid आवेदनों का भुगतान | 06 सितम्बर – 07 सितम्बर | निर्धारित तिथि तक भरे गए Unpaid आवेदन पत्रों का भुगतान। |


दूरभाष : परीक्षा कक्ष : 0755-2737362, मान्यता कक्ष: 0755-2735931, 0755-2731437, वेबसाइट: www.mpmb.org.in, ई मेल: mpmadarsaboard@gmail.com (S)

# मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड

"तालीम घर" इस्लामी गेट, शाहजहांनाबाद, भोपाल - 462001

**परीक्षा में छात्रों को सम्मिलित कराने हेतु निम्नांकित बिन्दुओं का विशेष ध्यान रखें :–**

म.प्र. मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उर्दू माध्यम में आवेदन करने वाले छात्र की कक्षा 05वीं / 08वीं / 10वीं / 12वीं (कोई एक) पूर्व अंकसूची में उर्दू विषय होना अनिवार्य है। जो छात्र कक्षा 10वीं में जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर सम्मिलित होना चाहते हैं अथवा जिन छात्रों की पूर्व अंकसूची में उर्दू विषय नही है ऐसे सभी छात्रों को उर्दू लिखने पढ़ने का ज्ञान होने का शपथ पत्र नोटरी कराकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

परीक्षाओं की विभिन्न योजनाओं (सामान्य, प्लेन, क्रेडिट, पूर्व क्रेडिट, आंशिक, हाई स्कूल मौलवी, हायर सेकण्डरी आलिम) निम्नानुसार हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्लेन | हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होने हेतु विषय सूची में से 05 विषय का चयन करना होगा, दो भाषा एवं 03 अन्य विषय Two languages (1. Urdu Complsory 2. Hindi or English or Arabic) + Three Other Subject |
| 2 | क्रेडिट | माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल से अनुत्तीर्ण छात्र तथा म.प्र. मदरसा बोर्ड के पूर्व छात्र जो 9 परीक्षा सत्र के पश्चात भी अनुत्तीर्ण होंगे वह इस योजना (क्रेडिट) में आवेदन करेंगे। (Total Five Subject : Two Languages (any) + Three other Subject) |
| P-2 | पूर्व क्रेडिट | म.प्र. मदरसा बोर्ड के अनुत्तीर्ण छात्रों हेतु। पूर्व मैं प्लेन/क्रेडिट योजना के अंतर्गत सम्मिलित अनुत्तीर्ण छात्र अपने अनुत्तीर्ण विषयों मैं 9 परीक्षा सत्र तक इस योजना (पूर्व क्रेडिट) मैं आवेदन करेंगे। |
| 3 | आंशिक | हाई स्कूल/हायर सेकण्डरी उत्तीर्ण करने के पश्चात किसी विषय विशेष की अतिरिक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु। maximum 4 Subject |
| 4 | हाई स्कूल मौलवी | कक्षा 10वीं के साथ धार्मिक विषय लेकर मौलवी की परीक्षा देने हेतु (कक्षा 10वीं के अनिवार्य 05 विषयों के साथ मौलवी के विषय कोड 406, 407, 408, 409 लेना होंगे) |
| | हायर सेकण्डरी आलिम | कक्षा 12वीं के साथ धार्मिक विषय लेकर आलिम की परीक्षा देने हेतु (कक्षा 12वीं के अनिवार्य 05 विषयों के साथ आलिम के विषय कोड 506, 507, 508, 509 लेना होंगे) |

## ऑनलाइन आवेदन करने हेतु निर्देश

1. 10वीं प्लेन/मोलवी का आवेदन करने हेतु कक्षा 5वीं/8वीं उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण एवं 10वीं अनुत्तीर्ण की मूल अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र (नगर निगम, नगर पालिका, ग्राम पंचायत द्वारा जारी) इनमे से कोई एक होना अनिवार्य है जिसमें छात्र की जन्म तिथि, नाम, पिता, माता का नाम सही अंकित हो। यदि पहले पेज पर सम्पूर्ण जानकारी न हो तो दोनों और से (Both Side) स्कैन कर PDF फ़ाइल में अपलोड की जाए। Black/Colour फोटो कापी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल अंकसूची/ जन्म प्रमाण पत्र ही स्कैन कर अपलोड कराएं।
2. 12वीं के फॉर्म में प्लेन/आलिम योजना हेतु माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता/समकक्षता प्राप्त 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है साथ ही कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होने की तिथि से न्यूनतम 18 माह का अंतराल होना आवश्यक है। कक्षा 12 हेतु परीक्षार्थी कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् अपना पंजीयन करवा सकते हैं। विद्यार्थी के लिए यह सुविधा होगी कि वह दो शिक्षा सत्रों के मध्य आयोजित परीक्षा में एक से तीन विषय लेकर अपना अध्ययन निरंतर रखते हुए परीक्षा दे सकेगा। कक्षा 10 उत्तीर्ण होने के पश्चात् दो शिक्षण सत्र पूर्ण होने पर वह कक्षा 12 की शेष अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। परीक्षार्थी को सम्पूर्ण 5 विषयों में उत्तीर्ण होने के उपरांत ही कक्षा 12 की अंकसूची प्रदान की जा सकेगी।
3. 10वीं पास की मूल अंकसूची को दोनों और से (Black/Colour) स्कैन कर PDF फाइल में अपलोड करना अनिवार्य है। स्कैन करने के उपरांत आवेदन के साथ कक्षा 10वीं की मूल अंकसूची का संबन्धित मण्डल से सत्यापन प्रमाण पत्र डाक से भेजना अनिवार्य होगा उक्त के आभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

4. 10वीं एवं 12वीं के क्रेडिट छात्रों की मूल अंकसूची दोनों और से (Both Side) स्कैन कर PDF फ़ाइल में अपलोड की जाए। Black/Colour फोटोकोपी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल अंकसूची ही स्कैन कर अपलोड कराएं। स्कैन करने के उपरांत आवेदन के साथ मूल अंकसूची एवं संबन्धित मण्डल से अंकसूची का सत्यापन प्रमाण पत्र डाक से भेजना अनिवार्य होगा छात्र/अध्ययन केन्द्र द्वारा अंकसूची का सत्यापन कराकर नहीं भेजा जाता है तो मदरसा बोर्ड द्वारा निर्धारित सत्यापन शुल्क जमा करना होगा। उक्त के आभाव में छात्रों के क्रेडिट के अंकों को मान्य नहीं किया जावेगा। आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में जो अंकसूची अपलोड की गई है उसी का सत्यापन कराकर भेजा जाए, और वही मूल अंकसूची सहपत्रों सहित डाक से भेजी जाए।
5. यदि छात्र पूर्व में मदरसा बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित हुआ है तो जून 2016 से पूर्व में पूरक/उत्तीर्ण/अनुतीर्ण की मूल अंकसूची के साथ ही आवेदन स्वीकार होगा। नेट की अंकसूची एवं उसकी छायाप्रती मान्य नहीं होगी। यदि छात्र मदरसा बोर्ड जून 2016 के बाद का है तो नेट की अंकसूची मान्य होगी।
6. फोटो आइ.डी. (Voter card, Licence, Passport, Pan Card, Aadhar) इनमे से कोई एक जिसमें छात्र का स्पष्ट photo, नाम, पिता का नाम अंकित हो। यदि पहले पेज पर सम्पूर्ण जानकारी न हो तो दोनों और से (Both Side) स्कैन कर PDF फ़ाइल में अपलोड करना अनिवार्य है। Black/Colour फोटोकोपी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल फोटो आइ.डी. ही स्कैन कर अपलोड कराएं।
7. छात्र के कलर फोटो पर नाम एवं दिनांक अंकित होना चाहिए। नवीनतम एवं स्पष्ट फोटो ही मान्य होगा। फोटो की फोटो कॉपी या कागज़ पर निकला हुआ फोटो मान्य नहीं होगा। इस सत्र से हस्ताक्षर पृथक से स्कैन कर अपलोड किए जाना है।
8. पूर्व क्रेडिट योजना के अंतर्गत 9 चान्स पूरे होने पर छात्र को क्रेडिट योजना के अंतर्गत फ़ॉर्म भरना होगा। वर्ष 2018 दिसम्बर से पूर्व के सभी छात्र क्रेडिट योजना के अंतर्गत आवेदन करें। क्रेडिट योजना का उल्लेख परीक्षा संबंधी नियम में स्पष्ट है। इसी प्रकार प्रत्येक सत्र में एक वर्ष कम होता जाएगा।
9. एम.पी. बोर्ड के जो विषय मदरसा बोर्ड मैं उपलब्ध नहीं है उक्त के स्थान पर विषय परिवर्तन कर छात्र को मदरसा बोर्ड मैं उपलब्ध विषय लेना होंगे।
10. आंशिक योजना के अंतर्गत फ़ॉर्म भरने वाले छात्र यदि 10वीं उत्तीर्ण करने के उपरांत आंशिक विषय की परीक्षा देना चाहते है तो 10वीं उत्तीर्ण की मूल अंकसूची तथा यदि 12वीं उत्तीर्ण करने के उपरांत आंशिक विषय की परीक्षा देना चाहते है तो 12वीं उत्तीर्ण की मूल अंकसूची को दोनों और से (Both Side) स्कैन कर PDF फ़ाइल मैं अपलोड करना अनिवार्य है। Black/Colour फोटोकोपी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल अंकसूची ही स्कैन कर अपलोड कराएं। स्कैन करने के उपरांत आवेदन के साथ संबन्धित मण्डल से अंकसूची का सत्यापन प्रमाण पत्र डाक से भेजना अनिवार्य होगा उक्त के आभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में जो अंकसूची अपलोड की गई है उसी का सत्यापन कराकर डाक से भेजा जाए ।
11. किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण निरस्त किए गए फॉर्म का परीक्षा शुल्क न ही वापस किया जाएगा न आगामी वर्षों की परीक्षा में समायोजित किया जाएगा एवं उक्त आवेदन पत्रों के फावर्डिंग शुल्क का भुगतान भी नही किया जावेगा अतः पूर्ण सावधानी एवं ज़िम्मेदारी से फॉर्म भरें भुगतान से पूर्व फॉर्म को सावधानी पूर्वक चेक कर लें।
12. छात्र एवं अध्यन केंद्र संचालक की और से प्रस्तुत मेनुअल आवेदन पत्र को इस सत्र से ऑनलाइन आवेदन में अपलोड नहीं करना है। किन्तु उक्त आवेदन ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कापी के साथ डाक से भेजना अनिवार्य है। उक्त के आभाव मैं फॉर्म मान्य नहीं होगा। मेनुअल आवेदन पत्र में नियत स्थान पर छात्र का नवीनतम फोटो चस्पा कर छात्र के हस्ताक्षर उपरांत अध्ययन केंद्र की सील सहित प्रमाणीकरण के उपरांत 07 दिवस में म.प्र. मदरसा बोर्ड "तालीम घर" शाहजहानाबाद भोपाल को रजिस्टर्ड डाक से प्राप्त हो जाना चाहिए, प्राप्त नही होने पर आवेदन फार्म निरस्त कर दिया जाएगा। जिसकी कोई सूचना नही दी जावेगी एवं परीक्षा शुल्क किसी भी स्थिति में वापस अथवा समायोजन नही किया जावेगा एवं यह दावा भी मान्य नहीं होगा की उक्त की सूचना नहीं दी गई। मूल प्रति में भेजें।
13. ऑनलाइन आवेदन करते समय यदि किसी छात्र के आवेदन पत्र में कोई त्रुटि हो तो वह सही दस्तावेज की प्रमाणित प्रति सहित निर्धारित तिथियों में संशोधन कर सकते हैं। संशोधन हेतु शुल्क रूपये 200/- (व्यक्तिगत जानकारी में संशोधन) तथा विषय परिवर्तन हेतु विषय परिवर्तन आवेदन सहित प्रति विषय रूपये 200/- एवं क्योस्क का निर्धारित शुल्क रू. 60/- का भुगतान करना होगा। निर्धारित तिथि समाप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार का संशोधन म.प्र. मदरसा बोर्ड के स्तर पर नही किया जाएगा इसका संपूर्ण दायित्व छात्र/अध्ययन केंद्र का होगा भविष्य में किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

14. अध्ययन केन्द्र संचालक प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों की स्क्रुटनी करके कवरिंग लेटर एवं रू. 100/- के स्टाम्प पर Undertaking सहित आवेदन पत्र जमा करेंगें। शपथ पत्र Undertaking पर स्पष्ट अंकित हो कि छात्रों की संपूर्ण जिम्मेवारी अध्ययन केन्द्र की होगी।
15. किसी भी समस्या के निराकरण हेतु छात्र को अपने अध्यन केंद्र से ही संपर्क करना होगा तथा अध्यन केंद्र समस्या के निराकरण हेतु सम्पूर्ण जानकारी सहित मदरसा बोर्ड से संपर्क करेंगे।
16. अध्ययन केन्द्रों को न्यूनतम 25 आवेदन पत्र अथवा उससे अधिक होने पर ही फार्वर्डिंग शुल्क का भुगतान किया जाएगा।
17. परीक्षाओं का आयोजन, परीक्षा केंद्र का निर्धारण, परीक्षा परिणाम, अंकसूची मे संशोधन इत्यादि परीक्षा संबंधी समस्त कार्य, MPSOSEB के नियम एवं निर्देश अनुसार होंगे।
18. अध्ययन केंद्र संचालक अपना तथा दो अधिकृत व्यक्तियों का नवीनतम मोबाइल नंबर तथा ईमेल आईडी उपलब्ध कराएं। परिवर्तन की दशा में तत्काल कार्यालय को अवगत कराएं।
19. 10वीं 12वीं की ऑनलाइन किताबें मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड की वेबसाइट mpmb.org.in पर उपलब्ध हैं। अध्ययन केन्द्रों/छात्रों को वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा सामग्री से ही अध्ययन कराना/करना होगा। पृथक से पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई जावेंगी।

## सामान्यतः परीक्षा आवेदन भरने में निम्न कमियां पाई जाती हैं. जिसका विशेष ध्यान रखा जाए।

1. ऑनलाइन आवेदन एवं मेनुअल आवेदन में भरी गई जानकारी और संलग्न अंकसूची में अंकित जानकारी समान होना चाहिये। अंकसूची में छात्र का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि स्पष्ट अंकित होना चाहिये। अंकसूची के ही विषय कोड एवं अंक आवेदन में होना चाहिये।
2. कक्षा 10वीं-12वीं क्रेडिट/कक्षा 12वी प्लेन/कक्षा 10वीं-12वीं आंशिक तीनो योजनाओं में संलग्न अंकसूची का पूर्व मण्डल से सत्यापन कराकर भेजना अनिवार्य है।
3. कक्षा 12वीं प्लेन योजना अंतर्गत प्रवेश लेने वाले छात्रों ने जिस बोर्ड/मण्डल से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की है उक्त बोर्ड/मण्डल को माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश से मान्यता/समकक्षता होना अनिवार्य है।
4. क्रेडिट एवं पूर्व क्रेडिट योजना में विषय परिवर्तन करने पर विषय परिवर्तन का आवेदन एवं शुल्क अनिवार्य है। उक्त के आभाव में विषय परिवर्तन मान्य नही किया जावेगा।
5. महिला आवेदक यदि शादी शुदा है और उनकी अंकसूची में पिता का नाम अंकित है यदि वह पति का नाम आवेदन में अंकित करती हैं तो उन्हें विवाहिता का शपथ पत्र नोटरी कराकर प्रस्तुत करना होगा।
6. कक्षा 12वीं प्लेन योजना अंतर्गत प्रवेश लेने वाले छात्रों की पूर्व मण्डल की अंकसूची में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान अनिवार्य विषय होना अनिवार्य है।
7. डाक से भेजे जाने वाले आवेदन में सत्यापित अंकसूची, आधार कार्ड, मेनुअल आवेदन होना अनिवार्य है।

संलग्न : परीक्षा शुल्क का विवरण, विषय सूची एवं मेनुअल आवेदन पत्र का प्रारूप।

सचिव
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल

# मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड

" तालीम घर " इस्लामी गेट, शाहजहांनाबाद, भोपाल - 462001

क्रमांक / म.प्र.म.बो. / परीक्षा / 2025 / 1164 भोपाल, दिनांक 27-10-25

प्रति,

समस्त अध्ययन केन्द्र संचालक
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल।

विषय :– हाई स्कूल / हायर सेकण्डरी आगामी परीक्षाओं हेतु नवीन परीक्षा शुल्क एवं एकेडमिक कैलेण्डर के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि म.प्र. मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल / हायर सेकण्डरी आगामी परीक्षाओं हेतु नवीन परीक्षा शुल्क एवं एकेडमिक कैलेण्डर का निर्धारण किया गया है। उक्त परीक्षा शुल्क एवं एकेडमिक कैलेण्डर परीक्षा सत्र 2026 से प्रभावशील होगा।

अतः परीक्षा सत्र 2026 से परीक्षा आवेदन पत्र नवीन परीक्षा शुल्क एवं एकेडमिक कैलेण्डर अनुसार भरवाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

सचिव
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल

पृ.क्रमांक / म.प्र.म.बो. / परीक्षा / 2025 / 1164, A भोपाल, दिनांक 27-10-25

सचिव
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल

प्रतिलिपि :–

(01) समस्त जिला शिक्षा अधिकारी म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
(02) समस्त मदरसा प्रभारी, म.प्र. की ओर सूचनार्थ भेजकर लेख है कि जिन जिलों में मदरसा बोर्ड के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के अध्ययन केन्द्र नहीं हैं उक्त जिलों के सुव्यवस्थित मदरसे से संपर्क कर अध्ययन केन्द्र बनाए जाने हेतु प्रेरित करें।

सचिव
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल

सचिव
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल

# मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड, भोपाल

## कक्षा 10वीं एवं 12वीं उर्दू माध्यम परीक्षा

## शैक्षणिक कैलेंडर

| चरण | तिथि / शुल्क | विवरण |
| --- | --- | --- |
| अध्ययन केन्द्र नवीन पंजीयन | 5,000 / – (एक बार) | ▪ आवेदन के साथ जिला शिक्षा अधिकारी की निरीक्षण रिपोर्ट अनिवार्य होगी।<br>▪ मदरसा संचालित करने वाली समिति की कापी।<br>▪ निरंतर 3 वर्ष की कक्षा 1 से 8 तक मदरसा मान्यता की छायाप्रति। |
| अध्ययन केन्द्र नवीनीकरण | 01 दिसम्बर – 31 जनवरी<br>2,000 / – (प्रति वर्ष) सामान्य शुल्क | ▪ अध्ययन केन्द्र के लेटर पेड पर नवीनीकरण का आवेदन।<br>▪ कक्षा 1 से 8 तक मदरसा मान्यता नवीनीकरण की छायाप्रति।<br>▪ निर्धारित शुल्क का बैंक ड्राफ्ट / चालान / ऑनलाइन। |
| नवीनीकरण विलम्ब शुल्क | ▪ 01 फरवरी – 15 फरवरी 500 / – अतिरिक्त<br>▪ 15 फरवरी – 31 जुलाई 1,000 / – अतिरिक्त।<br>▪ 01 अगस्त – 31 अगस्त 1,500 / – अतिरिक्त। | ▪ आवेदन केवल विलम्ब शुल्क के साथ मान्य।<br>▪ ––तदैव––<br>▪ विशेष अनुमति सहित।<br>▪ निर्धारित तिथियों तक यदि नवीनीकरण नहीं कराया जाता है तो मान्यता समाप्त मानी जाएगी। |
| परीक्षा आवेदन सामान्य शुल्क | 01 जनवरी – 31 जुलाई | सभी नए व पुराने छात्रों का आवेदन अध्ययन केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन। |
| परीक्षा आवेदन विलम्ब शुल्क | ▪ 01 अगस्त – 15 अगस्त 200 / –<br>▪ 16 अगस्त – 31 अगस्त 500 / –<br>▪ 01 सितम्बर – 05 सितम्बर (विशेष अनुमति के साथ 1,000 / –) । | ▪ आवेदन केवल विलम्ब शुल्क के साथ मान्य।<br>▪ ––तदैव––<br>▪ आवेदन विशेष अनुमति एवं विलम्ब शुल्क के साथ मान्य। |
| परीक्षा आवेदन में त्रुटि सुधार | 01 जनवरी – 07 सितम्बर | ▪ आवेदन में त्रुटि सुधार। |

| | | |
|---|---|---|
| **Unpaid आवेदनों का भुगतान** | 06 सितम्बर – 07 सितम्बर | निर्धारित तिथि तक भरे गए Unpaid आवेदन पत्रों का भुगतान। |
| **Counseling/Classes प्रारम्भ** | 01 जनवरी – 31 जुलाई | ▪ -प्रत्येक केन्द्र को कम से कम वर्ष में 2 बार सभी नए व पुराने छात्रों की Counseling/ Classes/Doubts Clearing Session की कक्षाओं का आयोजन करना अनिवार्य है।<br>▪ ओरिएंटेशन / पुनरीक्षण / परीक्षा की तैयारी हेतु अतिरिक्त कक्षाएँ अध्ययन केन्द्र के विवेकानुसार संचालित की जा सकती हैं। |
| **Admit Card** | 15 नवम्बर से (संभावित) | परीक्षार्थी / अध्ययन केन्द्र द्वारा ऑनलाइन डाउनलोड। |
| **वार्षिक परीक्षा** | माह दिसम्बर में। | म.प्र. राज्य ओपन स्कूल द्वारा जारी समय सारणी अनुसार निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर। |
| **परीक्षा परिणाम घोषित** | माह जनवरी – फरवरी (संभावित) | म.प्र. मदरसा बोर्ड की वेबसाइट mpmb.org.in पर। |

(देवभूषण प्रसाद)
सचिव, म.प्र. मदरसा बोर्ड,
एवं अपर संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र,
म.प्र. भोपाल

देवभूषण प्रसाद
अपर संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र
एवं सचिव, म.प्र. मदरसा बोर्ड

# मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड, भोपाल

## कक्षा 10वीं एवं 12वीं उर्दू माध्यम

## परीक्षा शुल्क

(परीक्षा सत्र 2026 से प्रभावशील)

| कक्षा 10वीं | परीक्षा शुल्क | कक्षा 12वीं | परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|---|
| सम्पूर्ण विषय | 2760 | सम्पूर्ण विषय | 2860 |
| क्रेडिट एक विषय | 1410 | क्रेडिट एक विषय | 1510 |
| क्रेडिट दो विषय | 1610 | क्रेडिट दो विषय | 1710 |
| क्रेडिट तीन विषय | 1810 | क्रेडिट तीन विषय | 1910 |
| आंशिक एक विषय | 1310 | आंशिक एक विषय | 1410 |
| आंशिक दो विषय | 1510 | आंशिक दो विषय | 1610 |
| आंशिक तीन विषय | 1710 | आंशिक तीन विषय | 1810 |
| आंशिक चार विषय | 1910 | आंशिक चार विषय | 2010 |
| पूर्व क्रेडिट एक विषय | 960 | पूर्व क्रेडिट एक विषय | 960 |
| पूर्व क्रेडिट दो विषय | 1210 | पूर्व क्रेडिट दो विषय | 1210 |
| पूर्व क्रेडिट तीन विषय | 1410 | पूर्व क्रेडिट तीन विषय | 1410 |
| पूर्व क्रेडिट चार विषय | 1710 | पूर्व क्रेडिट चार विषय | 1710 |
| पूर्व क्रेडिट पांच विषय | 1910 | पूर्व क्रेडिट पांच विषय | 1910 |
| प्लेन मौलवी | 3760 | प्लेन आलिम | 3860 |
| मौलवी पूर्व क्रेडिट एक विषय | 960 | आलिम पूर्व क्रेडिट एक विषय | 960 |
| मौलवी पूर्व क्रेडिट दो विषय | 1210 | आलिम पूर्व क्रेडिट दो विषय | 1210 |
| मौलवी पूर्व क्रेडिट तीन विषय | 1410 | आलिम पूर्व क्रेडिट तीन विषय | 1410 |
| मौलवी पूर्व क्रेडिट चार विषय | 1710 | आलिम पूर्व क्रेडिट चार विषय | 1710 |
| मौलवी पूर्व क्रेडिट पांच विषय | 1910 | आलिम पूर्व क्रेडिट पांच विषय | 1910 |
| मौलवी पूर्व क्रेडिट छः विषय | 2110 | आलिम पूर्व क्रेडिट छः विषय | 2110 |
| मौलवी पूर्व क्रेडिट सात विषय | 2310 | आलिम पूर्व क्रेडिट सात विषय | 2310 |
| मौलवी पूर्व क्रेडिट आठ विषय | 2510 | आलिम पूर्व क्रेडिट आठ विषय | 2510 |
| मौलवी पूर्व क्रेडिट नो विषय | 2710 | आलिम पूर्व क्रेडिट नो विषय | 2710 |
| केवल प्रायोगिक विषय का चयन (प्रति विषय के मान से) | 960 | केवल प्रायोगिक विषय का चयन (प्रति विषय के मान से) | 960 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| विषय परिवर्तन (प्रति विषय के मान से) | 260 | विषय परिवर्तन (प्रति विषय के मान से) | 260 |
| परीक्षा आवेदन पत्र में संशोधन | 260 | परीक्षा आवेदन पत्र में संशोधन | 260 |

* उपरोक्त शुल्क में पाठ्यक्रम का शुल्क सम्मिलित नहीं है। पाठ्यक्रम म.प्र. मदरसा बोर्ड की वेबसाइट mpmb.org.in पर उपलब्ध है।
* एक बार भुगतान की गई फीस किसी भी स्थिति में वापस नहीं की जावेगी न ही समायोजन किया जावेगा।

<u>अन्य विविध शुल्क :</u>

| क्र. | विविध मद | विवरण | राज्य ओपन बोर्ड को देय शुल्क | मदरसा बोर्ड को देय शुल्क | कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | माईग्रेशन | ▪ वर्ष 2001 से 2005<br>▪ वर्ष 2006 से 2010<br>▪ वर्ष 2011 से 2015<br>▪ वर्ष 2016 के उपरांत आयोजित परीक्षाओं के माइग्रेशन राज्य ओपन बोर्ड द्वारा ऑनलाइन जारी किये जाते हैं। | — | — | 1000/—<br>800/—<br>500/— |
| 2. | डुप्लीकेट अंकसूची | ▪ 5 वर्ष तक<br>▪ 5 वर्ष से अधिक | 300/—<br>500/— | 200/—<br>500/— | 500/—<br>1000/— |
| 3. | अंकसूची त्रुटि सुधार | ▪ 5 वर्ष तक<br>▪ 5 वर्ष से अधिक | 300/—<br>500/— | 200/—<br>500/— | 500/—<br>1000/— |
| 4. | अंकसूची सत्यापन | — | — | — | 1000/— |

* म.प्र. राज्य ओपन स्कूल को देय शुल्क बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से एवं मदरसा बोर्ड को देय शुल्क बैंक ड्राफ्ट/चालान/ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किया जावेगा।

(देवभूषण प्रसाद)
सचिव, म.प्र. मदरसा बोर्ड,
एवं अपर संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र,
म.प्र. भोपाल

देवभूषण प्रसाद
अपर संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र
एवं सचिव, म.प्र. मदरसा बोर्ड

हाइ स्कूल विषय सूची:-

| विषय कोड | विषय | कुल अधिकतम अंक | पूर्णांक सैद्धांतिक | न्यूनतम उत्तीर्णांक सैद्धां. | पूर्णांक प्रायो. | न्यूनतम उत्तीर्णांक प्रायो. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 401 | उर्दू (Urdu) | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 402 | हिन्दी (Hindi) | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 403 | अंग्रेजी (English) | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 404 | अरबी (Arbic) | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 406 | तर्जुमा-तफसीर कुरआन (Tarjuma Tafseer Quran) | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 407 | हदीस, उलूमे हदीस (Hadees Uloom E Hadees) | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 408 | फिका इस्लामी (Fiqah Islami) | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 409 | तारीखे इस्लाम (Tarikh E Islam) | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 410 | गणित (Math) | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 411 | विज्ञान (Science) | 100 | 75 | 25 | 25 | 8 |
| 412 | सामाजिक विज्ञान (Social Science) | 100 | 100 | 33 | | |
| 413 | अर्थशास्त्र (Economics) | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 414 | वाणिज्य (Commerce) | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 415 | गृह विज्ञान (Home Science) | 100 | 75 | 25 | 25 | 8 |

हायर सेकंडरी विषय सूची:-

| विषय कोड | विषय | कुल अधिकतम अंक | पूर्णांक सैद्धांतिक | न्यूनतम उत्तीर्णांक सैद्धां. | पूर्णांक प्रायो. | न्यूनतम उत्तीर्णांक प्रायो. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 501 | उर्दू Urdu | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 502 | अंग्रेजी English | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 503 | हिन्दी Hindi | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 504 | अरबी Arbic | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 506 | तर्जुमा-तफसीर कुरआन (Tarjuma Tafseer Quran) | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 507 | हदीस, उलूमे हदीस (Hadees Uloom E Hadees) | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 508 | फिका इस्लामी Fiqah Islami | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 509 | तारीखे इस्लाम Tarikh E Islam | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 510 | गणित Math | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 511 | रसायन विज्ञान Chemistry | 100 | 75 | 25 | 25 | 8 |
| 512 | जीव विज्ञान Biology | 100 | 75 | 25 | 25 | 8 |
| 513 | भौतिक Physics | 100 | 75 | 25 | 25 | 8 |
| 514 | अर्थशास्त्र Economics | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 515 | वाणिज्य Commerce | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 516 | लेखांकन Account | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 517 | भूगोल Geography | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 518 | इतिहास History | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 519 | राजनीति विज्ञान Political Science | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 520 | गृह विज्ञान Home Science | 100 | 75 | 25 | 25 | 8 |

| |
|---|
| परीक्षार्थी का नवीनतम प्रमाणित फोटो अध्ययन केन्द्र संचालक के हस्ताक्षर व सील |
| |
| परीक्षार्थी के हस्ताक्षर |

# مدھیہ پردیش مدرسہ بورڈ

(حکومت مدھیہ پردیش کا ادارہ)

''تعلیم گھر'' اسلامی گیٹ، تلی گھر، شاہ جہاں آباد، بھوپال

*(योजनाः सामान्य/क्रेडिट/अंशतः क्रेडिट/पूर्व क्रेडिट)*

सत्र ..............................

वर्ष 20..............

छात्र स्कालर क्र. .............

☐ हाई स्कूल ہائی اسکول

☐ हायर सेकण्डरी ہائر سیکنڈری

नोटः– जिस परीक्षा में सम्मिलित होना है उसके सामने वाले बाक्स में सही (✓) का निशान लगाइये।

मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्र का कोड ...................................... تسلیم شدہ تعلیمی مرکز کوڈ نمبر

अनुक्रमांक (यदि म.प्र. मदरसा बोर्ड के पूर्व के छात्र हों तो) ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ رول نمبر:

छात्र का नाम........................................................................................ ۱- نام امیدوار (اردو میں)

☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ (انگریزی کے بڑے حروف میں)

पिता का नाम........................................................................................ ۲- ولدیت (اردو میں)

☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ (انگریزی کے بڑے حروف میں)

माता का नाम........................................................................................ ۳-والدہ کا نام: (اردو میں)

☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ (انگریزی کے بڑے حروف میں)

जन्म तिथि अंको में ☐☐☐☐ سال वर्ष ☐☐ ماہ माह ☐☐ تاریخ तिथि ۴-تاریخ پیدائش: (ہندسوں میں)

शब्दों में........................................................................................ (عبارت میں)

पता........................................................................................ ۵-رہائش/ڈاک کا مکمل پتہ:

मोबाइल नम्बर ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ موبائل نمبر पिन कोड ☐☐☐☐☐☐ پن کوڈ

विषय का नाम/कोड ۶-مضمون کا نام/کوڈ:

| | | | |
|---|---|---|---|
| ۱ ☐☐☐ ............ | ۲ ☐☐☐ ............ | | |
| ۳ ☐☐☐ ............ | ۴ ☐☐☐ ............ | | |
| ۵ ☐☐☐ ............ | | | |

मौलवी/आलिम कोड مولوی/عالم کوڈ:

| | |
|---|---|
| ۱ ☐☐☐ ............ | ۲ ☐☐☐ ............ |
| ۳ ☐☐☐ ............ | ۴ ☐☐☐ ............ |

## घोषणा – पत्र

(परीक्षार्थी एवं अध्ययन केन्द्र द्वारा)

हम संयुक्त रुप से कथन/प्रमाणित करते है कि आवेदन पत्र में भरी गई जानकारी बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों एवं विवरणिका को भली भांति समझ कर अंकित की गयी है। हमारे द्वारा अंकित जानकारी एवं आवेदन के साथ अपलोड/संलग्न किए गए दस्तावेज बोर्ड द्वारा मिलान करने पर संदेहास्पद अथवा कूटरचित पाये जाते हैं तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी हमारी होगी। आवेदन में कमी पाए जाने पर आवेदन निरस्त कर परीक्षा शुल्क वापस/समायोजित न करने एवं कानूनी कार्यवाही करने का अधिकार सचिव मदरसा बोर्ड को होगा। मदरसा बोर्ड की परीक्षाएँ उर्दू माध्यम में आयोजित होंगी। छात्र को उर्दू पढ़ने एवं लिखने का पूर्ण ज्ञान है इसकी तसदीक की जाती है।

अध्ययन केन्द्र संचालक का नाम : ..................................................

अध्ययन केन्द्र कोड क्रमांक : ..................................................

नाम अध्ययन केन्द्र व फोन न. : .................................................. हस्ताक्षर परीक्षार्थी

अध्ययन केन्द्र संचालक की सील व हस्ताक्षर : .................................................. नाम ..................................